# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

## सुप्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक डॉ. नितिन दास का व्याख्यान आयोजित

## स्वस्थ जीवन शैली को अपनाकर ही हृदय को स्वस्थ रखा जा सकता है–कुलपति प्रो. मिश्र









जबलपुर 04 मार्च। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, छात्र कल्याण एवं शारीरिक शिक्षण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 4 मार्च 2021 को पं. कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में मान. कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र की अध्यक्षता, प्रभारी कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. विवेक मिश्रा, शारीरिक शिक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आर.के. यादव की उपस्थिति में सुप्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक डॉ. नितिन दास का व्याख्यान आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रो. अलका नायक, डॉ. राजेश्वरी राणा एवं डॉ. विशाल बन्ने भी मंचासीन थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अध्यक्षता करते हुए मान. कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने स्वस्थ जीवन शैली को अपनाकर ही हृदय को स्वस्थ रखा जा सकता है। डॉ. नितिन दास ने अपने उद्बोधन में विस्तारपूर्वक बताया कि तनाव रहित स्वस्थ जीवन शैली, शारीरिक व्यायाम एवं पौष्टिक आहारों के सेवन से ही हृदय को मजबूत एवं तंदुरूस्त रखा जा सकता है।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. विवेक मिश्रा तथा आभार प्रदर्शन डॉ. विशाल बन्ने द्वारा किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. प्रवेश पाण्डेय, डॉ. हरीश यादव, डॉ. आशीष यादव, डॉ. सतीश पाण्डेय सहित शिक्षण विभागों के शिक्षक एवं अतिथि विद्वान, कर्मचारीगण तथा छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# रसायनशास्त्र एवं फार्मेसी विभाग में प्लेसमेन्ट ड्राइव का सफल आयोजन




विश्वविद्यालय के रसायनशास्त्र एवं फार्मेसी विभाग द्वारा दिनांक 3 एवं 4 मार्च, 2021 को Revacure Pharmaceutical Lifesciences company Pvt. Ltd., New Delhi के द्वारा बी.फार्मेसी एवं एम. एससी. रसायनशास्त्र के छात्रों के लिये कैंपस रिक्रूटमेन्ट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे विश्वविद्यालय के मान. कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र, विशिष्ट अतिथि डॉ. दीपेश मिश्रा एवं कार्यक्रम संयोजक के रूप मे डॉ. आर.पी. मिश्रा, विभागाध्यक्ष, रसायनशास्त्र एवं फार्मेसी विभाग की मुख्य भूमिका रही। सर्वप्रथम डॉ. आर.पी. मिश्रा द्वारा मंचाशीन अतिथियों एवं रेवाक्योर के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए छात्रों को प्रेरक व्याख्यान दिया गया तथा छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन मो. वाशिद खान एवं श्री रीतेश चौरसिया फार्मेसी विभाग द्वारा किया गया। कैम्पस में रेवाक्योर फार्मास्यूटिकल कंपनी प्रायवेट लिमिटेड के क्वालिटी कंट्रोल मैनेजर श्री सतेन्द्र सिंह, क्वालिटी एस्योरेन्स मैनेजर श्री मनीष श्रीवास्तव एवं एच.आर. मैनेजर श्रुति पाण्डेय द्वारा ऑनलाइन माध्यम से छात्र/छात्राओं का इंटरव्यू लिया गया। इस इंटरव्यू मे लगभग 20 छात्र–छात्राओं को चयनित किया गया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने मे डॉ. प्रदीप विश्वकर्मा, डॉ. आशीष गर्ग, श्री चंदन सिंह अहिरवार, मो. इमरान मंसूरी, श्री राहुल नायक, श्री भावेश पटेल एवं श्री अभिषेक पाण्डेय का महत्वपूर्ण योगदान रहा।